कार्यालय महानिदेशक, दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान
बख्शी का तालाब, लखनऊ–226202, उ0प्र0।

सेवा में,

1. **आचार्य,**
   क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, मैनपुरी
2. **जिला प्रशिक्षण अधिकारी,**
   जिला ग्राम्य विकास संस्थान
   कानपुर, फतेहपुर, कासगंज ऐटा व बाराबंकी।

पत्रांक : 3514/पिमवर्कशाप/2013–14 दिनांक : 31.12.2013

महोदय,

कृपया संलग्नकानुसार पिम विशेषज्ञ पैक्ट, उ0प्र0 वाटर सेक्टर रिस्ट्रक्चरिंग परियोजना, वाल्मी भवन, उतरेटिया, लखनऊ दिनांक 27 दिसम्बर, 2013 का अवलोकन करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि निर्धारित तिथियों में लॉचिंग कार्यशाला में सिंचाई विभाग, सम्बन्धित लाइन विभाग के अधिकारियों, विभिन्न स्तर की पंचायतों के पदाधिकारियों, कृषक चर्चा मण्डलों तथा प्रगतिशील कृषकों को प्रतिभाग कराने हेतु सम्बन्धित जनपद के सिंचाई विभाग के खण्डों के अधिशासी अभियंता से सहयोग प्राप्त कर कार्यशाला में प्रतिभागियों का प्रतिभाग तथा आयोजन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(डॉ0 वरदानी)
संयुक्त निदेशक

प्रेषक,

पिम विशेषज्ञ, पैक्ट,
उ0प्र0वा0से0रीस्ट्रक्चरिंग परियोजना
वाल्मी भवन, उतरेटिया
लखनऊ।

सेवा में,

1. मुख्य अभियन्ता,
शारदा सहायक,
गंगा सिंचाई भवन,
तेलीबाग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता,
रामगंगा, सिंचाई विभाग,
कानपुर।

पत्रांकः /पिम/पैक्ट/19/ दिनांक 27 दिसम्बर, 2013

विषयः उत्तर प्रदेश वाटर सेक्टर रीस्ट्रक्चरिंग परियोजना के द्वितीय चरण क्षेत्रों में राज्य ग्राम्य विकास संस्थान (SIRD) द्वारा सम्बन्धित विभागों, पंचायतों, प्रगतिशील कृषकों तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों के मध्य सहभागी सिंचाई प्रबन्धन (पिम) के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना।

महोदय,

संयुक्त निदेशक, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान (SIRD), बख्शी का तालाब, लखनऊ के पत्रांक 3413/पिम/16(70) 2012—13 दिनांक 20.12.2013 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने की कृपा करें।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश वाटर सेक्टर रीस्ट्रक्चरिंग परियोजना के द्वितीय चरण क्षेत्रों में राज्य ग्राम्य विकास संस्थान (SIRD) द्वारा सिंचाई विभाग के अधिकारियों, सम्बन्धित लाइन विभागों के अधिकारियों, विभिन्न स्तरों की पंचायतों के पदाधिकारी, किसान विद्यालयों, कृषक चर्चा मण्डल तथा प्रगतिशील कृषकों तथा के मध्य सहभागी सिंचाई प्रबन्धन (पिम) के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु परियोजना क्षेत्र से आच्छादित जनपदों में लाँचिंग कार्यशाला का आयोजन प्रस्तावित है। कार्यशाला की अवधि 01 दिन (प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक) की होगी।

एस0आई0आर0डी0 द्वारा संलग्न सूची के अनुसार सम्बन्धित जनपद के सिंचाई विभाग के खण्डों के अधिशासी अभियन्ता को कार्यशाला के आयोजन में सहयोग प्रदान करने तथा कार्यशाला में प्रतिभाग करने के साथ–साथ खण्ड में कार्यरत सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता तथा सींचपाल को कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु नामित करने का अनुरोध किया गया है। यह भी अनुरोध किया गया है कि प्रत्येक सींचपाल अपने कार्यक्षेत्र से दो प्रगतिशील कृषक भी अपने साथ ले आयें। प्रगतिशील कृषक को आने जाने के व्यय की प्रतिपूर्ति कार्यशाला के दौरान एस0आई0आर0डी0 द्वारा की जाएगी।

अतः उक्त के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि उक्तानुसार सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता को कार्यशाला के आयोजन में सहयोग प्रदान करने तथा अधिशासी अभियन्ताओं, सहायक अभियन्ताओं, अवर अभियन्ताओं तथा सींचपालों को कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। साथ ही यह भी निर्देशित करने का कष्ट करें कि प्रत्येक सींचपाल अपने कार्यक्षेत्र के दो प्रगतिशील कृषकों को अपने साथ कार्यशाला में ले आयें।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(पी0के0 गुप्ता)

पत्रांक : 4480 पिम/पैक्ट/ 19 /तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. मुख्य अभियन्ता, पैक्ट।
2. संयुक्त निदेशक, एस0आई0आर0डी0, बख्शी का तालाब, लखनऊ।

22.12.13

(पी0के0 गुप्ता)
पिम विशेषज्ञ, पैक्ट

लॉचिंग कार्यशाला हेतु जनपदवार समय सारणी

कमांक	जनपद का नाम	जिम्मेदार प्रशिक्षण संस्थान	सम्पर्क हेतु मो0 नं0	कार्यशाला की तिथि	कार्यशाला स्थल
1	बाराबंकी	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, बाराबंकी	8765957371	13 जनवरी, 2014	कृषि विज्ञान केन्द्र, हैदरगढ़ बाराबंकी
2	कानपुर नगर	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, कानपुर	8765957384	15 जनवरी, 2014	प्रसार निदेशालय का हाल, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर
3	कानपुर देहात	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, कानपुर	8765957384	16 जनवरी, 2014	विकास भवन, माती, कानपुर देहात
4	फतेहपुर	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, फतेहपुर	8765957376	17 जनवरी, 2014	प्रेक्षागृह विकास भवन के सामने, फतेहपुर
5	कौशाम्बी	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, फतेहपुर	8765957376	18 जनवरी, 2014	प्रेक्षागृह विकास भवन, कौशाम्बी
6	मैनपुरी	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, मैनपुरी	8765957481	27 जनवरी, 2014	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, मैनपुरी
7	एटा	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, कासगंज	8765957385	29 जनवरी, 2014	ब्लाक मुख्यालय सदर, एटा
8	कासगंज	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, कासगंज	8765957385	30 जनवरी, 2014	ब्लाक मुख्यालय सदर, कासगंज